प्रेषक,

डा0 हरिश्चन्द्र,
विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 24 सितम्बर, 2015

विषय- वित्तीय वर्ष 2015-16 में ग्राम्य विकास विभाग के मुख्यालय, मण्डल, जनपद एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्यालयों के लिए कम्प्यूटर क्रय के सम्बन्ध में।

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2015-16 में ग्राम्य विकास विभाग के मुख्यालय, मण्डल, जनपद एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्यालयों के लिए कम्प्यूटर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में यू0पी0डेस्को के पत्र संख्या-2140, दिनांक 04-08-2015 द्वारा उपलब्ध करायी गयी विशिष्टियों एवं दरों के अनुसार आयुक्त, ग्राम्य विकास कार्यालय के लिए 11, संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय के लिए 15, विकास खण्ड कार्यालय के लिए 82 तथा जिला विकास कार्यालय के लिए 26 कुल 134 कम्प्यूटर तथा यू0पी0एस0 यू0पी0डेस्को के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार क्रय कर स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया है:- (धनराशि रू0 में)

s.no	Item Description	unit price	unit with 5% vat	total price
1-	Desktop Computer Intel Core i3 (3.2GHz) Processor or higher or AMD a-8 6500, 3.5Ghz Processor OEM Motherboard, 4GB DDR3 RAM Expandable up to 8GB 500 GB 7200 RPM SATA HDD, 6USB 2.0 Port including 2 in Front 18.5" TFT LED color Monitor, Super Multi DVD Writer Licensed Window 8 or latest version Preloaded Three years onsite Warranty.	36905	38750	38750
2.	700VA UPS Line Interactive UPS With 39 Min Backup on one Computer Load ISO Certification 9001/14001/ 18001 one year warranty	4000	4200	4200
	Total	**40905**		**42950**
	UPDESCO Centage @5% on unit price			2045
	VAT 5% on above (on Centage)			103
	Total (Per unit price)			**45098**

2- यू0पी0डेस्को द्वारा खुली प्रतिस्पद्धात्मक निविदा प्रणाली के आधार पर चयनित फर्म के माध्यम से उपरोक्त विवरण/स्पेशिफिकेशन के अनुसार उपकरणों की आपूर्ति करायी जायेगी। उपकरणों की आपूर्ति के पूर्व यू0पी0डेस्को द्वारा संयंत्रों का शत प्रतिशत निरीक्षण व

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

परीक्षण कर कार्यादेश में उल्लिखित स्पेशिफिकेशन के अनुसार पाये गये संयंत्रों की स्थापना निर्धारित समय सीमा में करायी जायेगी।

3- उपरोक्त विशिष्टियों तथा दरों के अनुसार कम्प्यूटर एवं यू0पी0एस0 निम्न शर्तों के अधीन स्थापित कराये जायेंगे:-

(1) क्रय किये जाने वाले कम्प्यूटर एवं यू0पी0एस0 को आयुक्त ग्राम्य विकास द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के अनुसार सम्बन्धित मुख्यालय, मण्डलीय, जनपदीय एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्यालयों में आपूर्तिकर्ता द्वारा स्थापित कराया जायेगा।

(2) क्रयादेश में उल्लिखित प्रति नग धनराशि समस्त खर्चे/टैक्स/मारजिन सम्मिलित है, विभाग द्वारा कोई अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी।

(3) मुख्यालय, मण्डल, जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर उपयोगकर्ता अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जायेगा कि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित विशिष्टियों के अनुसार कम्प्यूटर अधिष्ठापित कराया गया है।

(4) वारंटी अवधि में अनुरक्षण कार्य हेतु पर्याप्त कम्प्यूटर इंजीनियर की उपलब्धता आपूर्तिकर्ता द्वारा सुनिश्चित की जायेगी और उनके सम्पर्क नम्बर विभाग को उपलब्ध कराने होंगे।

(5) विशिष्टियों में उल्लिखित वारंटी अवधि में अनुरक्षण आन साइट करना होगा। इस हेतु अलग से कोई अतिरिक्त धनराशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

(6) विशिष्टियों एवं शर्तों के अधीन कम्प्यूटर स्थापित/अधिष्ठापित कराकर इंस्टालेशन रिपोर्ट आयुक्त, ग्राम्य विकास को उपलब्ध करायी जायेगी। आयुक्त, ग्राम्य विकास द्वारा इंस्टालेशन रिपोर्ट के आधार पर सुनिश्चित किया जायेगा एवं पुष्टि की जायेगी कि आपूर्तिकर्ता द्वारा समस्त उल्लिखित कार्यालयों में कम्प्यूटर स्थापित करा दिये गये हैं।

(7) आपूर्ति से पूर्व त्रिसदस्यीय टीम द्वारा प्री डिलीवरी इंस्पेक्सन (पी0डी0आई0) सुनिश्चित की जायेगी, जिसमें अपर आयुक्त (लेखा), एन0आई0सी0 के प्रतिनिधि तथा यू0पी0डेस्को के प्रतिनिधि होंगे।

4- कम्प्यूटर एवं यू0पी0एस0 आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में निम्न लेखा शीर्षक के अनुसार कालम-2 में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए कॉलम-3 में उल्लिखित धनराशि रू0 6043132/- (रू0 साठ लाख तैंतालिस हजार एक सौ बत्तीस मात्र) उ0प्र0 सिस्टम्स डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (यू0पी0डेस्को) के पक्ष में अग्रिम भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

(धनराशि रू0 में)

लेखा शीर्षक	बजट व्यवस्था/जारी की जा रही वित्तीय स्वीकृति	यू0पी0डेस्को को अग्रिम दिये जाने हेतु स्वीकृत धनराशि
1	2	3
2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-विकास आयुक्त (मुख्यालय) 46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	500000	496078

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

लेखा शीर्षक	बजट व्यवस्था/जारी की जा रही वित्तीय स्वीकृति	यू0पी0डेस्को को अग्रिम दिये जाने हेतु स्वीकृत धनराशि
1	2	3
2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-विकास आयुक्त के क्षेत्रीय कार्यालय-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	720000	676470
2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-102-सामुदायिक विकास-03- मुख्य अधिष्ठान (ब्लाक बजट)- 46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	3720000	3698036
2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-102-सामुदायिक विकास-06-संग्रहीत जिला कार्यालय-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	1196000	1172548
योग	**6136000**	**6043132**

5- उपर्युक्तानुसार वित्तीय स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 में प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत की जा रही है।

6- उपुर्यक्त अग्रिम आहरण की धनराशि का भुगतान शासनादेश संख्या-ए-1-2774/दस-15-1(1)/69, दिनांक 25.10.83 एवं संख्या-ए-1-235/दस-211-15-1(1)/69, दिनांक 10-06-2011 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा। अग्रिम आहरण की समस्त धनराशि का समायोजन 31 मार्च, 2016 से पूर्व सुनिश्चित किया जायेगा।

7- अग्रिम आहरण की अनुमति वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-एफ0ए0-1-286/दस-2015, दिनांक- 15 सितम्बर, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से प्रदान की जा रही है।

भवदीय,

(डा0 हरिश्चन्द्र)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या-18/1468(1)/38-3-2015, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/ वित्त (लेखा) अनुभाग-1
3. निदेशक एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को पी0डी0आई0 हेतु प्रतिनिधि नामित करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
4. प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लि0 (यू0पी0डेस्को) द्वितीय तल, अपट्रान बिल्डिंग, लखनऊ को अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. अपर आयुक्त (लेखा), ग्राम्य विकास विभाग।
7. आहरण वितरण अधिकारी, ग्राम्य विकास विभाग।
8. सम्बन्धित संयुक्त विकास आयुक्त, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
9. नाजिर, ग्राम्य विकास विभाग, जवाहर भवन, लखनऊ।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कामता प्रसाद)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।